गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 03 अंक: 03 | गोरखपुर रविवार 13 जुलाई 2025 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

## हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं
- अफसरों से कहा- हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं
- इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देगी सरकार



**संवाददाता**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई तो उसे आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए।

इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में एक महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## ओडिशा में राहुल गांधी की संविधान बचाओ रैली

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को ओडिशा में संविधान बचाओ रैली नामक एक जनसभा में भाग लिया। यह सभा पार्टी द्वारा समर्थन जुटाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरान राहुल ने भाजपा पर जमकर वार किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार का बस एक ही काम है - राज्य की गरीब जनता के हाथों से ओडिशा की संपत्ति छीनना। पहले बीजद सरकार यही करती थी और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं, तो दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार है। यह लड़ाई जारी है। ओडिशा की जनता के साथ मिलकर कांग्रेस कार्यकर्ता ही इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं। राहुल ने आगे कहा कि मैं कल बिहार में था। जैसे महाराष्ट्र में चुनाव चोरी की गई, वैसी ही कोशिश बिहार में भी हो रही है। चुनाव चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साज़िश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा की तरह काम कर रहा है, अपना काम नहीं कर रहा। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। उन्होंने कहा कि कोई नहीं जानता कि ये मतदाता कौन थे और कहाँ से आए।



## आरएसएस चीफ के बयान पर पवन खेड़ा का तंज, 'जल्द आएंगे अच्छे दिन'

**एजेंसी**

नई दिल्ली। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सुझाव दिया है कि 75 साल के बाद व्यक्ति को दूसरों के लिए भी रास्ता बनाना चाहिए। आरएसएस प्रमुख के इस बयान का कांग्रेस ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हमें खुश होना चाहिए कि मोहन भागवत और प्रधानमंत्री मोदी दोनों इस साल 75 वर्ष के हो रहे हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मोहन भागवत के बयान का जिक्र करते हुए कहा, "कल मोहन भागवत ने एक खुशखबरी सुनाई। उन्होंने कहा कि 75 साल का होने के बाद इंसान को किसी और को मौका देना चाहिए। अब यह खुशखबरी इसलिए है, क्योंकि मोहन भागवत 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं और 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 75 साल के हो रहे हैं। मैं हमेशा सोचता हूं कि अगर नरेंद्र मोदी राजनीति में न होते तो कहां होते?" पवन खेड़ा ने कहा, "पिछले 11 साल में उन्होंने (पीएम मोदी) देश, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की जो हालत की है, 17 सितंबर को हमें उससे निजात मिलेगी और 11 सितंबर को इससे निजात मिलने का पहला कदम होगा।

## महाराष्ट्र में चोरी और चोरों की सरकार



**खड़गे ने कहा कि बीजेपी करती क्या है कि पहले वो एक सीएम चुनती है और फिर अडानी-अंबानी आ जाते हैं। कौन सी जमीन अच्छी है, कहाँ खनन अच्छा है, कौन सी जगह अच्छी है, कहाँ पावर प्लांट लगाना है -वो यही ढूंढते रहते हैं।**

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भुवनेश्वर में संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा ने कहा कि आज भाजपा के लोग बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। लेकिन ओडिशा के लिए उनका योगदान शून्य है। उन्होंने कहा कि वे बिना कोई काम किए सिर्फ. प्रचार चाहते हैं। लेकिन हम ओडिशा के लोगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने ओडिशा के लिए काम किया और इसीलिए आज राज्य में इतने बड़े सार्वजनिक उपक्रम आए हैं। लेकिन मोदी जी ने कोई काम नहीं किया। इसके बजाय, वह आपकी कमाई और कांग्रेस द्वारा दी गई हर चीज को बेच रहे हैं। खड़गे ने कहा कि बीजेपी करती क्या है कि पहले वो एक सीएम चुनती है और फिर अडानी-अंबानी आ जाते हैं। कौन सी जमीन अच्छी है, कहाँ खनन अच्छा है, कौन सी जगह अच्छी है, कहाँ पावर प्लांट लगाना है - वो यही ढूंढते रहते हैं। इसलिए इन लोगों को सबक सिखाना होगा। मैं जानता हूँ कि ओडिशा के लोग मजबूत हैं और वो बीजेपी को सबक सिखाएँगे। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में 'चोरी की सरकार', 'चोरों की सरकार' है। 85 लाख मतदाता बदले गए और फिर भाजपा सरकार सत्ता में आई। इसी तरह बिहार में भी, 7 करोड़ मतदाताओं में से 2 करोड़ मतदाताओं के नाम रद्द किए जा रहे हैं। क्या आपको ऐसी सरकार, ऐसे लोग चाहिए? क्या इससे लोकतंत्र की रक्षा होगी? हमें देशद्रोहियों को बाहर निकालना चाहिए और उन्हें सबक सिखाना चाहिए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह भी कहा कि हाल ही में मैंने सुना कि भाजपा संविधान से 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्द हटाना चाहती है। वे अपनी पार्टी के संविधान में लिखते हैं कि वे संविधान का पालन करते हैं।

## यमुना को स्वच्छ बनाने पर मंथन, अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बड़ी बैठक

*केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीआर पाटिल के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री भी बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र भी गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मौजूद थे।*



**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ यमुना नदी के पुनरुद्धार पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीआर पाटिल के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री भी बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र भी गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मौजूद थे। चर्चा में यमुना नदी के पुनरुद्धार और पुनरुद्धार के लिए समन्वित प्रयासों और कार्य योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसे दिल्ली के पर्यावरण और जन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली जल बोर्ड ने राजधानी के जल बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, सीवरेज नेटवर्क को उन्नत करने, टैंकर सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ाने और अत्यधिक प्रदूषित यमुना नदी के पुनरुद्धार के उद्देश्य से एक 45-सूत्रीय कार्य योजना प्रस्तुत की है।

## सम्पादकीय...

# ऑनलाइन आतंकी नेटवर्क

विभिन्न देशों द्वारा आतंकवादियों को दी जाने वाली प्रत्यक्ष व परोक्ष मदद पर नजर रखने वाली वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था यानी एफएटीएफ की हालिया रिपोर्ट चैंकाने वाली है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह सनसनीखेज बात उजागर हुई है कि आतंकवादी वित्तीय संसाधन जुटाने व खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट खुलासा करती है कि वर्ष 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में विस्फोटक पदार्थ का एक भाग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खरीदा गया था। निश्चित रूप से जिस तेजी से आतंक का नेटवर्क ऑनलाइन बाजार का फायदा उठा रहा है, वह कानून की नियामक एजेंसियों के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। बताया जा रहा है कि आतंकवादी इंटरनेट के जरिये विस्फोटक बनाने की तरकीब भी सीख रहे हैं। इंटरनेट से बम बनाने की तकनीक सीखने की खबरों के बीच हमारे नीति-नियंताओं को इस पर अंकुश लगाने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर दबाव बनाना चाहिए कि वे आतंकवादियों के लिए मददगार सामान पर सख्ती से अंकुश लगाएं। इससे पहले एफएटीएफ ने संकेत दिए थे कि पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान आतंकवादियों को न केवल पैसा व हथियार दे रहे हैं बल्कि उन्हें ट्रेनिंग देने में भी मदद की जा रही है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि आतंकी मंसूबों को पूरा करने के लिये आतंकवादी ऑनलाइन सेवाओं के जरिये हथियार, रसायन और थ्री डी-प्रिंटिंग सामग्री भी खरीद रहे हैं। यह विडंबना ही है कि आम नागरिकों के जीवन को सरल-सुविधाजनक बनाने के लिये जिन ऑनलाइन सेवाओं की शुरूआत हुई थी, वह अब आतंकवादियों की मदद का साधन बन गई है। विश्व के आतंकवादी संगठन आधुनिक तकनीक के जरिये न केवल अपने मंसूबों को पूरा कर रहे हैं बल्कि पुलिस व कानून से बचने में इंटरनेट उनका मददगार बन गया है। जिसमें आतंक की पाठशाला चलाने वाली सरकारें भी सहायक बनी हैं। विगत के कुछ वर्षों में हुए कुछ बड़े हमलों की जांच में प्रमाणिक रूप से इस बात का खुलासा हुआ है कि अब आतंकी हमलों के लिये खतरनाक ढंग से ऑनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग किया गया है। यह विडंबना ही है कि अपराधी व आतंकवादी खुफिया एजेंसियों द्वारा अपराध नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियानों को धता बताकर अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने लगे हैं। जिन ऑनलाइन सेवाओं से उपभोक्ताओं की सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा था, उस व्यवस्था के छिद्रों से अपराधियों ने अपनी सुगम राह तलाश ली है। जिस पर सख्त निगाह रखना सरकारों का प्राथमिक दायित्व बनता है। यदि समय रहते इस दिशा में सख्त कदम न उठाये गए तो यह व्यवस्था आतंकवादियों के खतरनाक अभियानों के लिये सुरक्षित रास्ता बन जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को उन सरकारों पर भी दबाव डालना चाहिए जो आतंकी संगठनों का वित्तपोषण करते हैं। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि दुनिया के सभी देश मिलकर इंटरनेट से वे सामग्री हटवाएं जिसका उपयोग आतंकवादी घातक हथियार व बम बनाने में करते हैं।

## राशिफल

मेषः- काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

बृषभः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

मिथुनः- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्यों में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

कर्कः- नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

सिंहः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्यों से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही कतई न करें।

कन्याः- जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

तुलाः- भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

वृश्चिकः- रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

धनुः- अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

मकरः- बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतरू इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

# संयुक्त राष्ट्र के दस्तावेज ने उठायी वैश्विक कंपनियों की भूमिका पर उंगली

**रैमजी बरौद**

अधिकृत फिलिस्तीन में मानवाधिकारों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष रिपोर्टर, फ्रांसेस्काअल्बानीज, सत्ता के सामने सच बोलने की अवधारणा की एक मिसाल हैं। यह शक्तिश इजराइल या संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा नहीं, बल्कि एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा विहित है जिसकी सामूहिक प्रासंगिकता गाजा में चल रहे नरसंहार को रोकने में दुखद रूप से विफल रही है। 3 जुलाई को संयुक्तराष्ट्र मानवाधिकार परिषद को सौंपी गयी उनकी नवीनतम रिपोर्ट, कब्जे की अर्थव्यवस्था से नरसंहार की अर्थव्यवस्था तकश, एक भूकंपीय हस्तक्षेप का प्रतीक है। यह रिपोर्ट बेबाकी से उन कंपनियों का नाम लेती है और उन्हें दोषी ठहराती है जिन्होंने न केवल इजराइल को फिलिस्तीनियों के खिलाफ युद्ध और नरसंहार जारी रखने दिया, बल्कि उन लोगों का भी सामना करती है जो इस भयावह स्थिति के सामने चुप रहे। अल्बानीज की श्नरसंहार की अर्थव्यवस्थाश एक अकादमिक अभ्यास या एक मात्र नैतिक कथन से कहीं बढ़कर है, एक ऐसे विश्व में जहां गाजा में सामूहिक विवेक का क्रूर परीक्षण हो रहा है। यह रिपोर्ट कई परस्पर जुड़े कारणों से महत्वपूर्ण है। महत्वपूर्ण रूप से, यह जवाबदेही के व्यावहारिक रास्ते प्रस्तुत करती है जो केवल कूटनीतिक और कानूनी बयानबाजी से परे हैं। यह अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति एक नया दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करती है, इसे एक नाजुक राजनीतिक संतुलनकारी कार्य के रूप में नहीं, बल्कि युद्ध अपराधों में मिलीभगत का सामना करने और गाजा में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय तंत्रों की गंभीर विफलताओं को उजागर करने के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में प्रस्तुत करती है। इस रिपोर्ट के महत्व को समझने के लिए दो महत्वपूर्ण संदर्भ महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें न केवल गाजा में चल रहे इजराइली नरसंहार में, बल्कि इजराइल की समग्र उपनिवेशवादी-निवासी परियोजना में भी प्रत्यक्ष कॉर्पोरेट संलिप्तता का एक तीखा अभियोग माना जाता है। सबसे पहले, वर्षों की देरी के बाद, फरवरी 2020 में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) ने एक डेटाबेस जारी किया, जिसमें अधिकृत फिलिस्तीन में अवैध इजराइली बस्तियों में व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल 112 कंपनियों की सूची थी। इस डेटाबेस में कई कॉर्पोरेट दिग्गजों - जिनमें एयरबीएनबी, बुकिंग डॉट कॉम, मोटोरोला सोल्यूशन, जेसीबी, और एक्सपेडिया शामिल हैं- को इजराइल को उसके सैन्य कब्जे और रंगभेद को बनाये रखने में मदद करने की गतिविधियों को उजागर किया गया है। यह घटना विशेष रूप से विनाशकारी थी, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र इजराइल पर लगाम लगाने या फिलिस्तीन में उसके युद्ध अपराधों को बढ़ावा देने वालों को जवाबदेह ठहराने में लगातार विफल रहा है। यह डेटाबेस एक महत्वपूर्ण कदम था जिसने नागरिक समाजों को प्राथमिकताओं के एक विशिष्ट समूह के इर्द-गिर्द लामबंद होने की अनुमति दी, जिससे निगमों और व्यक्तिगत सरकारों पर नैतिक रूप से निर्देशित रुख अपनाने का दबाव बना। इस रणनीति की प्रभावशीलता का पता अमेरिका और इजराइल की अतिरंजित और क्रोधित प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट रूप से चला। अमेरिका ने कहा कि यह बदनाम परिषद द्वारा आर्थिक प्रतिशोध को बढ़ावा देने का एक प्रयास था, जबकि इजराइल ने इसे दबाव के आगे शर्मनाक आत्मसमर्पण कहा। यह रिपोर्ट 7 अक्टूबर



2023 से शुरू हुआ गाजा में इजराइली नरसंहार, नरसंहार के दौर में भूख से मर रही आबादी को भोजन उपलब्ध कराने की मामूली उम्मीदों को भी पूरा करने में संयुक्त राष्ट्र के सभी मौजूदा तंत्रों की घोर विफलता की एक स्पष्ट याद दिलाती है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भी यही निष्कर्ष निकाला था, जिन्होंने सितंबर 2024 में कहा था कि दुनिया ने श्गाजा के लोगों को निराश किया है। यह विफलता कई महीनों तक जारी रही और संयुक्त राष्ट्र द्वारा गाजा पट्टी में सहायता वितरण का प्रबंधन करने में असमर्थता के रूप में उजागर हुई, जिसने यह काम तथाकथित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन को सौंप दिया, जो एक भाड़े के सैनिकों द्वारा संचालित हिंसक तंत्र है जिसने हजारों फिलिस्तीनियों को मार डाला और घायल कर दिया है। बेशक, अल्बानीज खुद भी इसी निष्कर्ष पर पहुंच चुकी थीं, जब नवंबर 2023 में उन्होंने युद्ध को रोकने और श्निर्दोष नागरिकों के निरर्थक नरसंहार को रोकने में बेहद असफल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर निशाना साधा था। अल्बानीज की नई रिपोर्ट एक कदम और आगे जाती है- इस बार पूरी मानवता से नैतिक रुख अपनाने और उन लोगों का सामना करने की अपील करती है जिन्होंने इस नरसंहार को संभव बनाया। रिपोर्ट में कहा गया है, निर्दोष लोगों के जीवन को नष्ट करने और उससे लाभ कमाने वाले व्यावसायिक प्रयासों को बंद किया जाना चाहिए, और स्पष्ट रूप से मांग की गयी है कि कॉर्पोरेट संस्थाओं को मानवाधिकारों के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय अपराधों में शामिल होने से इनकार करना चाहिए, अन्यथा उन्हें जवाबदेह ठहराया जायेगा।

## कुछ खास...

### सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

भारत में मुख्यधारा का मीडिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह मानते हुए अब सकारात्मक रवैया अपनाने लगा है, खासकर तब, जबकि इसमें किसी भी तरह भाजपा का हित जुड़ा हो।



प्रधानमंत्री बनने से पहले दिल्ली में कॉलेज छात्रों को दिए एक भाषण में अपनी सकारात्मक सोच का उदाहरण देते हुए श्री मोदी ने कहा था कि वे गिलास आधा खाली है या आधा भरा है, इस सवाल पर कहते हैं कि गिलास पूरा भरा है, जो खाली दिख रहा है, वहां हवा भरी है। तो बस तब से देश में ऐसे ही हवा-हवाई माहौल चल रहा है। कुछ रहे न रहे, बस सब चंगा सी की उम्मीद पर देश को चलाया जा रहा है। मीडिया भी तथ्यों को न देखकर हवा-हवाई बातों को बढ़ा रहा है। जैसे गुरुवार को मीडिया ने इस बात को जोर-शोर से चलाया कि चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। चुनाव आयोग की बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की कवायद पर शीर्ष अदालत ने कोई रोक नहीं लगाई है। लेकिन ये हवा से आधे भरे गिलास का उदाहरण है। असल बात ये है कि शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से साफ तौर पर कहा है कि वह जिन 11 दस्तावेज की मांग मतदाताओं से कर रहा है, उसमें आधार कार्ड को भी शामिल किया जाए। अदालत ने चुनाव आयोग से यह भी कहा है कि आप नागरिकता के मुद्दे पर क्यों जा रहे हैं, यह गृहमंत्रालय का विषय है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट ने तथ्यों और तर्कों के आधार पर ही सुनवाई होने दी और उसकी अहम टिप्पणियां भी इन्हीं के आधार पर थीं। सुप्रीम कोर्ट न पूरी तरह चुनाव आयोग के पक्ष में दिखा, न उसने याचिकाकर्ताओं की तरफ कोई पक्षपात दिखाया, बल्कि उसकी तटस्थता साफ नजर आई, फिर भी मीडिया में चलाए जा रहे शीर्षक यह भ्रम पैदा कर रहे हैं कि बिहार में जिस मुद्दे को लेकर 9 जुलाई को विपक्ष ने इतना बड़ा हल्ला बोल किया, उस मुद्दे पर विपक्ष को अदालत में झटका मिला है। जबकि ऐसा नहीं है। गौरतलब है कि बिहार में चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की कवायद शुरू की और इसके लिए केवल एक महीने का ही वक्त मतदाताओं को दिया कि वे अपने नागरिक होने का प्रमाण खुद ही पेश करें। आयोग ने 11 दस्तावेज की सूची जारी की और कहा कि इनमें से किसी को पेश करने पर ही किसी का नाम मतदाता सूची में आएगा, अन्यथा काट दिया जाएगा। आसान शब्दों में कहें तो चुनाव आयोग ने बिहार के मतदाताओं से खुद के नागरिक होने का सबूत मांगा, जबकि इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड और मनरेगा कार्ड को मान्यता नहीं दी, जबकि करोड़ों गरीबों के पास यही सबसे सुलभ पहचानपत्र होते हैं और इन्हें भी सरकार ही जारी करती है। इस फैसले को लोकतांत्रिक अधिकार पर सीधा हमला करते हुए चुनाव आयोग के समक्ष विपक्ष ने अपना विरोध दर्ज कराया था, फिर भी कोई समाधान नहीं निकला तो विपक्ष ने 9 जुलाई को बिहार बंद करवाया और इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे भी खटखटाए।

## संक्षिप्त सामाचार

### लंदन से दिल्ली जा रही विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ (संवाददाता)। हाल ही में हुए विमान दुर्घटना के बाद से फ्लाइट में यात्रा करने वाले यात्रियों में डर का माहौल है। विमान में यात्रा करने से पहले लोग कई बार सोचते है कि यात्रा करें या न करें इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। लंदन से दिल्ली जा रही वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की फ्लाइट में ईंधन घट जाने के चलते लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मच गया। इस विमान में 300 यात्री सवार थे।वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की उड़ान संख्या वीएस 302 सुबह करीब साढ़े दस बजे लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना होती है। दिल्ली पहुंचने से पहले विमान में ईंधन कम हो गया। ऐसे में पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी को सूचना दी और ईंधन की स्थिति स्पष्ट की। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग रात एक बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर कराने की अनुमति दी गई। इधर लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना पर सुरक्षाबलों और एम्बुलेंस आदि को मुस्तैद कर दिया गया। विमान के पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए सावधानी से विमान की लैंडिंग करवाई। विमान के सकुशल लैंड होने पर यात्रियों की जान में जान आई। उसके बाद फिर विमान को दिल्ली के रवाना हुई।

### महिला से अश्लीलता, साथ चलने को कहा, विरोध करने पर पति, पत्नी को लाठी-डंडों से पीटा

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में एक महिला को अपने साथ अश्लीलता का विरोध करना महंगा पड़ गया। उसे दबंगों ने साथ चलने के लिए कहा तो महिला ने विरोध कर दिया। इस पर दबंगों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। बचाने आए पति को भी जमकर पीटा। इस दौरान दोनों को लाठी-डंडों से मारा गया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। मामला इटौंजा इलाके के आरंबा गांव के मजरा पंडित पुरवा का है। घटना शुक्रवार सुबह 8.30 बजे घटना हुई। घटना में लल्लू रावत, मोनू और पुनीत ने महिला और उसके पति पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया। महिला भाजपा की कार्यकर्ता बताई जा रही है। महिला को स्थानीय अस्पताल से केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। मामले की जड़ में 30 जून को हुई छेड़छाड़ की घटना है। उस दिन दोपहर 2.30 बजे पुनीत ने महिला से अश्लील बातें कीं और उनके साथ चलने की मांग की। महिला ने 1 जुलाई को इटौंजा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार सुबह जब महिला के पति परचून की दुकान पर सामान खरीदने गए, तब आरोपियों ने उन्हें रोका और पत्नी की शिकायत को लेकर गालियां दीं। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। रजनी के मौके पर पहुंचने पर उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया और फिर हमला कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पहले भी कई बार गलत हरकतें कर चुके हैं। पुलिस की निष्क्रियता के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने पीड़िता को एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी थी।

### राजधानी में शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, गूंजा हर-हर महादेव

लखनऊ (संवाददाता)। श्रावण मास का पहला दिन राजधानी लखनऊ में शिवभक्ति की आस्था से सराबोर नजर आया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शहर के प्रमुख शिवालयों में उमड़ पड़ी। मनकामेश्वर महादेव मंदिर, महाकाल मंदिर राजेंद्रनगर, कोनेश्वर महादेव चैक, सिद्धनाथ मंदिर रकाबगंज और नागेश्वर मंदिर जैसे शिवालयों में भोर से ही पूजा-अर्चना का दौर जारी रहा। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि ने बताया कि सावन में रोजाना रुद्राभिषेक की बुकिंग हो रही है। नागपंचमी जैसे विशेष दिनों के लिए बड़ी संख्या में लोग पहले से ही स्लॉट बुक करा रहे हैं। राजेंद्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में 14, 21 और 28 जुलाई को सुबह 4 बजे भस्म आरती आयोजित होगी। वहीं, मंदिर प्रबंधक अतुल मिश्रा के अनुसार श्रद्धालु रुद्राभिषेक के लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं। संत समाज 12 जुलाई को लखनऊ से प्रयागराज के लिए रवाना होगा। वहां त्रिवेणी संगम से गंगाजल लेकर लौटकर लखनऊ के प्रमुख मंदिरों-बुद्धेश्वर धाम, मनकामेश्वर और ओंकारेश्वर महादेव में भव्य जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी है। संतों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पुरोहित कल्याण बोर्ड की स्थापना की मांग करेगा।

### 47 शहरो में आयोजित होने वाले रोजगार मेला आज

लखनऊ (संवाददाता)। मिशन रिक्रूटमेंट के तहत 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान के अर्न्तगत लखनऊ सहित 47 शहरो में आयोजित होने वाले रोजगार मेला-16 कार्यक्रम के तहत दिनांक 12 जुलाई, 2025 को प्रातः 11.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे तथा इन नवनियुक्त कर्मियों को सम्बोधित भी करेंगे। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश भर में रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। यह भर्तियाँ केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में हो रही हैं। देश भर से चुने गए यह नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सहित अन्य विभागों और मंत्रालयों में शामिल होंगे।

# ट्रांसफर सहित कई मांगों को लेकर धरने पर बैठा माध्यमिक शिक्षक संघ

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में आज बड़ी संख्या में प्रदेशभर के शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षकों ने



कहा-ऑफलाइन ट्रांसफर ऑर्डर न मिलने की वजह से घरों में क्लेश बढ़ रहा है। पत्नियों ने बात करनी बंद कर दी है। बच्चों का एडमिशन नई जगह पर करा दिया था। अब तब तक लखनऊ से वापस नहीं जाएंगे जब तक कि ट्रांसफर ऑर्डर नहीं पा जाएंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ट्रांसफर सहित कई मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक के शिविर कार्यालय पर धरने पर बैठा है। शिक्षकों का कहना है कि लंबे समय से हमारी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आगरा से आए शिक्षक भगवती प्रसाद त्यागी ने कहा- हमें उम्मीद थी कि 30 जून तक ऑर्डर आ जाएगा पर अभी तक ऑर्डर नहीं आया है। इसके चलते घरों में क्लेश हो गया है। पत्नियों ने बात करने से मना कर दिया है। बूढ़े मां-बाप आस लगाए बैठे हैं। नई जगहों पर स्कूल में बच्चों के एडमिशन भी करा दिए गए हैं। शिक्षक बहुत ही दुखद स्थिति में चले गए हैं। धरने की अगुआई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी कर रहे हैं। धरने में बड़ी तादाद में शिक्षक संघ के पदाधिकारी और माध्यमिक शिक्षक मौजूद हैं। शिक्षक एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हम खिचड़ी खाने नहीं आए हैं जो शाम तक चले जाएंगे। ऑफलाइन ट्रांसफर ऑर्डर लेकर ही जाएंगे। वहीं, आगरा मंडल के शिक्षक विजय प्रसाद ने कहा कि ऑफलाइन ट्रांसफर ऑर्डर जारी न होने से कई शिक्षकों की पत्नियों ने उनसे बात करना छोड़ दिया है। सरकार को ऑफलाइन ट्रांसफर देना शुरू करना चाहिए। इसके साथ ही 29 मार्च 2025 से पहले की भर्तियों में पुरानी पेंशन लागू की जाए। 2006 से 2015 के बीच रिटायर हुए शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ देते हुए पेंशन का फिर से निर्धारण किया जाए। मेरठ के स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज के डॉ. आरके मिश्रा ने बताया कि हर साल ऑफ लाइन माध्यम से ही ट्रांसफर होते थे। इस बार भी नियमों के तहत फार्मेलिटी कराई गई। 30 जून को ट्रांसफर सूची आनी थी पर इस बार अब तक ट्रांसफर सूची नहीं आई। इसी को लेकर प्रदेश भर के एडेड स्कूल के शिक्षक आज लखनऊ में आकर प्रदर्शन कर रहे हैं। विभागीय अफसर मंत्री खुद ट्रांसफर करेंगे, ये कह कर बात टाला जा रहा है। आजमगढ़ से आए शिक्षक बृजेश कुमार ने कहा कि हर बार 30 जून तक ट्रांसफर लिस्ट आ जाती थी। इस बार देरी की जा रही है। इस वजह से हम शिक्षक लोग मानसिक परेशानी से गुजर रहे हैं। लखनऊ में सरकार से मांग करने आए हैं कि जल्द से जल्द ऑफलाइन ट्रांसफर किया जाए। आज 11 जुलाई हो गई है और अब तक ट्रांसफर लिस्ट नहीं आई है। माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व एमएलसी रहे प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने कहा शिक्षकों में घबराहट, पीड़ा और दर्द है। उनका कहना है कि हमारी सभी पत्रावली जमा हो गई पर अभी तक ट्रांसफर नहीं हुआ। विभागीय अफसर अब कर रहे, तब कर रहे की बात कह रहे हैं। उनसे सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। जब तक ट्रांसफर ऑर्डर नहीं मिल जाता, ये प्रदर्शन जारी रहेगा।

## यूपी बीजेपी अध्यक्ष किसी ओबीसी के बनने के आसार प्रबल

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में बीजेपी का अध्यक्ष कौन होगा, यह तो साफ कहना मुश्किल है,लेकिन किसी ओबीसी लीडर को यूपी की बागडोर बीजेपी हाईकमान सौंप सकता है। आस लगाए दलित और ब्राह्मण लीडर भी है। यह भी हो जाये तो कोई बड़ी बात नहीं। बीजेपी हमेशा कुछ नया, अप्रत्याशित निर्णय लेनी के लिए जानी जाती है। पिछले कई महीनों से पार्टी के सूबाई प्रेसिडेंट खातिर मंथन चल रहा है लेकिन अब तक किसी नेता की ताजपोशी नहीं हो पाई है। बताते हैं कि पार्टी के भीतर कई नेताओं के नाम को लेकर गतिरोध है,हालात सामान्य होते तो नाम अब तक घोषित हो गया होता। राजनीतिकजानकार भी कहते है कि कोई ओबीसी समुदाय का नेता बीजेपी अध्यक्ष बनेगा। महिला नेता का नाम भी रेस में शामिल है। वर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी का कार्यकाल समाप्त है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उत्तर प्रदेश में ओबीसी और दलित वोट उम्मीद से कम मिले। इसलिए पार्टी का इन समुदायों पर खास फोकस है,इसलिए ओबीसी या दलित नेता को प्राथमिकता दे सकती है। इस वर्ग से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्या, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, धर्मपाल सिंह लोधी, अमर पाल मौर्या, बीएल वर्मा और बाबू राम निषाद के नाम चर्चा में चल रहे है। केशव मौर्य की अगुवाई में 2017 में बीजेपी का विधानसभा चुनाव में परचम लहराया था। पार्टी हुकूमत में आई। केशव मौर्य योगी सरकार में डिप्टी सीएम हैं। स्वतंत्रदेव सिंह पहले भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इस समय वह योगी सरकार में जल शक्ति मंत्री हैं।कुर्मी बिरादरी से आने वाले स्वतंत्रदेव सिंह का संगठनात्मक अनुभव और दलित वोट बैंक पर प्रभाव उन्हें मजबूत दावेदार बनाता है। वह सीएम योगी आदित्यनाथ के पसंदीदा नेता माने जाते हैं। बेबी रानी मौर्य आगरा की मेयर और पूर्व राज्यपाल हैं। दलित समुदाय से होने के कारण उनकी दावेदारी भी कम मजबूत नही है। इस समय बेबी रानी मौर्य यूपी सरकार में मंत्री हैं। ब्राह्मण चेहरों पर विचार कर सकती है। इनमें दिनेश शर्मा और लक्ष्मीकांत वाजपेयी का नाम चर्चा में है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का भी नाम सामने उछल रहा है।

## दोपहर बाद फिर बारिश हुई, सुबह तेज हवा के साथ हुई बरसात

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में सावन के पहले दिन बारिश हो रही है। सुबह झमाझम बारिश शुरू



हो गई, उसके बाद दोपहर बाद भी बरसात हुई। सुबह धूप नहीं निकली और काले बादल छाए थे। तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। महज आधे घंटे की बारिश में नगर निगम इलाके की कई गलियां डूब गईं। किसी-किसी इलाके में बारिश के दौरान धूप भी निकली। इस सीजन में यही पहली बार है जब पूरे लखनऊ में एकसाथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने लखनऊ और आसपास के इलाकों में बादलों की गरज-चमक के साथ 5 डड तक बारिश की संभावना जताई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 35 डिग्री और 27 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। दिन में 5 मिलीमीटर तक बरसात की संभावना है। अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक रहा। आर्द्रता अधिकतम 86ः और न्यूनतम 68ः के बीच रहा।

## मिर्जापुर में मंदिरों से लेकर गाँवों तक पहुंचा ग्रामीण पर्यटन-जयवीर

लखनऊ (संवाददाता)। अपनी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध जिला मिर्जापुर अब ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। यह क्षेत्र न सिर्फ माता विंध्यवासिनी के प्रसिद्ध मंदिर के लिए जाना जाता है बल्कि आसपास के प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण गांवों के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। अब इन संभावनाओं को सामने लाने और गाँवों का आर्थिक परिदृश्य बदलने के लिए पर्यटन विभाग एक महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत कर रहा है। इस योजना के तहत मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही जिलों के चयनित गांवों को ग्रामीण और कृषि पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। विशेषज्ञों की सहायता से यह योजना पांच चरणों में लागू की जाएगी।

# क्या आप भी रोज एनर्जी ड्रिंक्स पीते हैं, जान लें इससे स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है?

अक्सर कुछ लोगों को एनर्जी ड्रिंक पीने की आदत होती है। अधिक मात्रा में एनर्जी ड्रिंक पीने के कई साइड इफेक्ट होते हैं, जो कई बार जानलेवा भी हो सकते हैं। इसलिए आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग तुरंत एनर्जी पाने के लिए एनर्जी ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। ज्यादातर युवाओं में ये पेय काफी लोकप्रिय है। जैसा की इस पेय के नाम में ही निहित है कि इसको पीने से तुरंत थकान मिटा जाएगी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि रोजाना एनर्जी ड्रिंक्स पीना आपके स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है ?एनर्जी ड्रिंक्स में मौजूद अधिक मात्रा में कैफीन, चीनी, और आर्टिफिशियल एलिमेंट होते हैं, जो इंस्टेंट एनर्जी तो देते हैं, लेकिन लंबे समय में कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। खासकर मानसून के मौसम में, जब हमारा शरीर पहले से ही बीमारियों से लड़ने में लगा होता है, एनर्जी ड्रिंक्स का ज्यादा सेवन शरीर में गंभीर बीमारियों के खतरे को कई गुना बढ़ा सकता है। इनका अधिक सेवन जोखिम बढ़ा सकता है। आइए इस लेख में रोजाना एनर्जी ड्रिंक्स पीने के स्वास्थ्य पर प्रभाव और सावधानियों के बारे में जानते हैं।

**हृदय और रक्तचाप पर प्रभाव**

एनर्जी ड्रिंक्स में मौजूद हाई कैफीन और टॉरिन जैसे तत्व हृदय गति और



रक्तचाप को बढ़ा सकते हैं। रोजाना इनका सेवन करने से हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे अनियमित धड़कन, हाइपरटेंशन, और गंभीर मामलों में हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ता है। अध्ययनों के अनुसार, एक दिन में 2-3 कैन से अधिक एनर्जी ड्रिंक पीना हृदय स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। जो लोग पहले से ही हृदय संबंधी समस्या से परेशान हैं, उनके लिए एनर्जी ड्रिंक पीना सेहत के लिए अधिक हानिकारक हो सकता है।

**डायबिटीज का जोखिम**

एनर्जी ड्रिंक्स में चीनी की मात्रा अधिक होती है, जो डायबिटीज और मोटापे का खतरे को बढ़ाती है। रोजाना अधिक चीनी का सेवन सेवन करने से शरीर इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ाता है, जिससे टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम बढ़ जाता है।

**वजन बढ़ने का खतरा**

इसके अलावा, ये एनर्जी ड्रिंक्स कैलोरी से भरपूर होते हैं, जो वजन को बढ़ाने का एक बड़ा कारण हैं। आर्टिफिशियल ड्रिंक वाले ड्रिंक्स भी मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करते हैं, जिससे वजन बढ़ने का खतरा और अधिक हो जाता है।

**नींद को प्रभावित करता है**

एनर्जी ड्रिंक्स में मौजूद कैफीन नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करता है, जिससे अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, और तनाव बढ़ता है। रोजाना इनका सेवन करने से तंत्रिका तंत्र पर दबाव पड़ता है, जिससे चिंता और घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर**

जो लोग अधिक मात्रा में एनर्जी ड्रिंक्स पीते हैं, वो धीरे-धीरे इसीपर निर्भर हो जाते हैं। ऐसे में होता क्या है कि जब तक एनर्जी ड्रिंक का असर रहता है, शरीर में ऊर्जा रहती है और फिर कमजोरी महसूस होने लगती है। ऐसी स्थिति में चिड़चिड़ापन और मानसिक तनाव बढ़ता है। इसके अलावा इन ड्रिंक्स में मौजूद आर्टिफिशियल रंग और स्वाद एलर्जी या सिरदर्द का कारण बन सकते हैं।

**सलाह**

मोटे तौर पर देखा जाए तो, रोजाना एनर्जी ड्रिंक्स पीना हृदय, डायबिटीज, वजन, और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इनके बजाय प्राकृतिक विकल्प जैसे नारियल पानी, नींबू पानी, या हर्बल चाय चुनें। डायबिटीज, हृदय रोग के मरीज अपने डॉक्टर से सलाह के बाद ही कोई पेय पीएं। पर्याप्त नींद लें, संतुलित आहार लें, और दिनचर्या में व्यायाम शामिल करें। इन नेचुरल तरीके से अपनी ऊर्जा का संतुलन बनाएं रखें।

# हर सावन सोमवार को करें ये काम, बढ़ेगा प्यार और अपनापन

अगर आप चाहें तो कुछ प्रेम रस्मों को अपनाकर अपने रिश्ते में भी मिठास भर सकते



हैं। आइए जानें सावन में अपनाए जाने वाले 5 प्रेम से जुड़ी रस्में जो आपके और आपके पार्टनर के रिश्ते को और मजबूत बना सकती हैं।

सावन का महीना सिर्फ भक्ति और त्योहारों का नहीं, बल्कि भावनाओं के गहराने का भी समय होता है। सावन के महीने में मानसून आता है और मानसून को रोमांस का मौसम कहा जाता है। इस मौसम में बारिश की फुहारें, हरियाली और ठंडी हवा मन को रोमांटिक बना देती हैं। ऐसे में अगर आप चाहें तो कुछ प्रेम रस्मों को अपनाकर अपने रिश्ते में भी मिठास भर सकते हैं। आइए जानें सावन में अपनाए जाने वाले 5 प्रेम से जुड़ी रस्में जो आपके और आपके पार्टनर के रिश्ते को और मजबूत बना सकती हैं।

**सावन सोमवार को मंदिर साथ जाएं**

कहा जाता है कि शिव और पार्वती का प्रेम अटूट था। सावन सोमवार के दिन आप भी अपने पार्टनर के साथ पूजा करें। इससे न सिर्फ आपके बीच आध्यात्मिक जुड़ाव आएगा है, बल्कि रिश्ते में सकारात्मकता भी बढ़ेगी।

**बरसात में एक प्रेम-पत्र**

डिजिटल युग में एक हाथों से लिखा लव नोट पुराने दौर की मिठास लाता है। हर हफ्ते जब भी बारिश हो, आप एक छोटा सा प्रेम पत्र अपने साथी को लिख भेजें। अगर आप दफ्तर में हैं तो व्हाट्सअप के जरिए कुछ रोमांटिक लाइनें उन्हें लिख कर भेज दें। वरना एक प्रेम पत्र लिखकर एक खास जगह पर रख दें और बारिश होने पर पार्टनर से उस प्रेम पत्र को उस जगह पर तलाशने को कहें। ये उनके लिए सरप्राइज या किसी क्विज की तरह का भी हो सकता है। अपने पत्र में उनको आभार दे सकते हैं, प्रेम या सराहना भी कर सकते हैं।

**एक दूसरे के लिए पसंदीदा खाना**

बारिश के दिन में गरमा-गरम पकौड़े या उनकी पसंदीदा डिश बनाकर उन्हें सरप्राइज दें। वहीं बाहर से आते वक्त उनके पसंद की कोई डिश या मिठाई भी पैक कराकर ला सकते हैं और इस छोटे से लव रिचुअल को अपनाकर एक दूसरे का दिन खास बना सकते है।

**मानसून में साथ चाय**

बारिश का आनंद तब अधिक बढ़ जाएगा, जब कपल एक दूसरे के साथ होंगे। हर शाम एक तय समय पर दोनों मिलकर चाय या कॉफी पिएं। इस दौरान अपना-अपना फोन दूर रखें ताकि एक दूसरे को वक्त दे सकें। बस एक-दूसरे की बातें, मुस्कान और साथ, ये प्रेम रस्म आपके बीच की बॉन्डिंग बढ़ाता है।

**'सावन सरप्राइज' दें हर हफ्ते**

हर सप्ताह कोई एक छोटा-सा सरप्राइज प्लान करें, चाहे वो एक फूल हो, पसंदीदा मिठाई या कोई संदेश। इससे रिश्ता सजीव रहता है। सावन माह में इन कुछ प्रेम रस्मों को अपनाकर कपल अपने रिश्ते को मजबूत और अधिक रोमांटिक बना सकते हैं।

## दिनचर्या की इन गलतियों की वजह से बढ़ जाता है आर्थराइटिस का खतरा, बरतें ये सावधानियां



अक्सर कुछ लोगों कम उम्र में ही आर्थराइटिस की शिकायत हो जाती है, इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, इन्हीं में एक प्रमुख कारण है हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें। आइए इस लेख में जानते हैं दिनचर्या की किन गलतियों की से अर्थराइटिस की शिकायत होती है।आर्थराइटिस यानी जोड़ों का दर्द, सूजन और अकड़न, यह एक ऐसी समस्या है जो आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ होती है।

लेकिन आजकल युवाओं में भी दिनचर्या की कुछ गलत आदतों की वजह से आर्थराइटिस का जोखिम बढ़ रहा है। हमारा गलत खानपान, गतिहीन जीवनशैली और कुछ अनुचित आदतें सीधे तौर पर आर्थराइटिस के खतरे को बढ़ा देती हैं। ये आदतें हमारे जोड़ों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं और उन्हें कमजोर करती हैं। खासकर, मानसून के मौसम में नमी और बदलते मौसम के कारण जोड़ों का दर्द और भी ज्यादा परेशान करने लगता है। अच्छी बात यह है कि यदि हम समय रहते कुछ सावधानियां बरतें और अपनी दिनचर्या में जरूरी बदलाव लाएं, तो इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

आइए इस लेख में हम उन आम गलतियों और जरूरी सावधानियों के बारे में जानते हैं, जिससे शरीर में आर्थराइटिस का खतरा बढ़ जाता है। सबसे पहले गलतियों के बारे में जानते हैं दिनचर्या में लंबे समय तक बैठे रहना या गतिहीन जीवनशैली आर्थराइटिस का प्रमुख कारण है।

# शेफाली जरीवाला की यादों में फिर खोए पराग त्यागी

## पत्नी के नाम लगाए पेड़, सिंबा संग पूरा कर रहे हैं एक्ट्रेस का हर सपना

कांटा लगा गर्ल शेफाली जरीवाला अब इस दुनिया में नहीं रहीं। 27 जून को शेफाली कार्डियक अरेस्ट के चलते मौत हो गई। एक्ट्रेस के इस आकस्मिक निधन से सेलेब्स, फैंस और परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई थी। शेफाली जरीवाला के



निधन से उनके पति पराग त्यागी बुरी तरह टूट गए हैं। अब पराग त्यागी अपनी पत्नी की यादों के सहारे धीरे धीरे उभर रहे हैं। पराग वो सब कर रहे हैं जो शेफाली को पसंद था। गरीबों की मदद से लेकर प्राकृति के लिए शेफाली के प्यार तक...एक्ट्रेस की हर प्यारी यादों को अब वो अपने पेट सिंबा के साथ संजो रहे हैं। अब पराग ने इंस्टा पर एक वीडियो शेयर करते हुए दिखाया कि वो कैसे शेफाली जरीवाला की इच्छा के चलते पेड़ पौधे लगा रहे हैं। पराग के साथ वीडियो में डॉग सिंबा भी नजर आया जो प्लांट लगाने में मदद कर रहा है। इंटरनेट पर वीडियो आग की तरह वायरल हो रही है। कैप्शन में एक्टर ने लिखा- परी को हमेशा से प्रकृति से प्यार रहा है और वह हमेशा दुनिया से मिले प्यार को वापस देना चाहती थी। प्यार लौटाने की दिशा में पहला कदम है, पेड़ लगाना। आप सभी का शुक्रिया, हमेशा उसे इतना प्यार और समर्थन देने के लिए और वह आप सभी अद्भुत आत्माओं को प्यार लौटाने के लिए मौजूद है।




## अजय देवगन-काजोल की फिल्म राजू चाचा, जब सितारों से सजी ये फिल्म बनी साल 2000 की सबसे बड़ी फ्लॉप, करोड़ों का नुकसान

बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक अजय देवगन और काजोल ने अपने करियर में कई फिल्मों में साथ काम किया है, लेकिन 25 साल पहले यानी साल 2000 में रिलीज हुई उनकी एक फिल्म ने न सिर्फ दर्शकों को निराश किया, बल्कि मेकर्स को भी बड़ा झटका दिया। इस फिल्म का नाम था राजू चाचा, जिसे खुद अजय देवगन ने प्रोड्यूस किया था। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काजोल के साथ बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार संजय दत्त, ऋषि कपूर और जॉनी लीवर जैसे नाम भी शामिल थे। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई और साल 2000 की सबसे बड़ी असफल फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई। राजू चाचा को लेकर शुरूआत में काफी उम्मीदें थीं। फिल्म की स्टारकास्ट बेहद दमदार थी, अजय देवगन, काजोल, संजय दत्त, ऋषि कपूर और जॉनी लीवर जैसे कलाकारों ने इसमें अहम भूमिकाएं निभाईं। फिल्म का निर्देशन अनील देवगन ने किया था और इसे अजय देवगन और उनके पिता वीरू देवगन ने मिलकर प्रोड्यूस किया था।कहानी एक सिंगल फादर के तीन बच्चों और एक अनजान व्यक्ति की है, जो खुद को उनका श्चाचाश बताकर उनकी संपत्ति हड़पने की योजना बनाता है, लेकिन बाद में उसके इरादे बदल जाते हैं। फिल्म में भावनाओं, ड्रामा, एक्शन और मस्ती का तड़का था, लेकिन पटकथा और निर्देशन दर्शकों को लुभाने में नाकाम रहे। फिल्म को बनाने में तकरीबन 25 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जो उस समय की फिल्मों के हिसाब से एक बड़ा बजट माना जाता था। लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर केवल 20 करोड़ रुपये की कमाई कर पाई। यानी फिल्म को लगभग 5 करोड़ रुपये का सीधा घाटा हुआ। इस भारी नुकसान का असर अजय देवगन पर भी साफ देखा गया। काजोल ने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कि इस फिल्म की असफलता ने अजय को अंदर तक झकझोर दिया था और इससे उबरने में उन्हें काफी समय लगा।जहां एक तरफ फिल्म की भव्यता और कलाकारों की लोकप्रियता को देखकर दर्शकों ने इसे लेकर उम्मीदें बांध ली थीं, वहीं दूसरी ओर इसके कमजोर कंटेंट और खराब निर्देशन ने इन्हीं उम्मीदों को तोड़ दिया।

# 20 दिन नहीं, 9 महीनों तक सड़ती रही पाक एक्ट्रेस हुमैरा असगर की लाश, मौत मामले में पुलिस को अंदेशा

पाकिस्तान की टीवी और मॉडलिंग इंडस्ट्री से जुड़ी एक जानी-मानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर, कराची स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत अवस्था में पाई गईं। इस घटना ने न सिर्फ स्थानीय लोगों बल्कि पूरे मनोरंजन जगत को झकझोर कर रख दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हुमैरा का शव काफी समय पहले ही सड़-गल चुका था। पुलिस को शक है कि उनकी मृत्यु 9 महीनों पहले हो चुकी थी। यह मामला तब सामने आया जब अपार्टमेंट के मालिक ने हुमैरा द्वारा लंबे समय से किराया न चुकाने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। जब पुलिस उनके फ्लैट की जांच के लिए पहुंची, तो वहां बेहद खराब हालत में शव बरामद हुआ। उनके अपार्टमेंट की स्थिति और शव की दशा देखकर यह अंदेशा जताया जा रहा है कि उनकी मृत्यु लगभग 9 महीने पहले, यानी अक्टूबर 2024 के आसपास हो चुकी थी। पुलिस और फॉरेंसिक अधिकारियों के अनुसार, हुमैरा का शव पूरी तरह से सड़ चुका था, जिससे पहचानना भी मुश्किल हो गया था। अपार्टमेंट में बिजली नहीं थी, और बिजली विभाग ने अक्टूबर 2024 में ही कनेक्शन काट दिया था। घर में सूखे हुए पाइप, जंग लगे बर्तन और एक्सपायर हो चुका खाना पाया गया, जो कई महीनों से अनछुआ था। किसी प्रकार की मोमबत्ती या प्रकाश भी घर में मौजूद नहीं था। हुमैरा के फ्लैट की बालकनी का दरवाजा खुला था और जिस मंजिल पर वह रहती थीं, वहां कोई और किरायेदार मौजूद नहीं था, जिससे किसी को उनकी अनुपस्थिति का अहसास तक नहीं हुआ।



# रवीना टंडन ने की महाअवतार नरसिम्हा की सराहना, पोस्टर शेयर कर दिखाया जोश



महाअवतार नरसिम्हा का जो ट्रेलर हम सब इतने समय से इंतजार कर रहे थे, वो आखिरकार रिलीज हो गया है और कहना पड़ेगा, ये वाकई लाजवाब है। इसकी भव्यता, विजुअल्स और कहानी कहने का अंदाज इतना दमदार है कि इसे देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। सबसे खास बात ये रही कि ट्रेलर के साथ मेकर्स ने महा अवतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरूआत का भी ऐलान कर दिया है। यानी अब सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इस कहानी की कई किस्तें आने वाली हैं, जो और भी ज्यादा रोमांचक होंगी ट्रेलर आते ही लोगों की एक्साइटमेंट एकदम अलग ही लेवल पर पहुंच गई है। अब तो हर किसी को बस इस फिल्म के थिएटर्स में आने का इंतजार है। महाअवतार नरसिम्हा को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच मशहूर अभिनेत्री रवीना टंडन भी इस फिल्म को लेकर अपनी खुशी जताते नजर आईं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जो इस बात का सबूत है कि इस फिल्म को लेकर लोगों में कितनी जबरदस्त हलचल है। ये सिर्फ दर्शक ही नहीं, बल्कि सेलिब्रिटीज भी हैं जो इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर ने जो प्रभाव डाला है, वो वाकई ऐतिहासिक है क्योंकि हर कोई बस इसी की बात कर रहा है और उत्साह हर दिन नई ऊँचाइयों को छू रहा है। होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शन्स ने मिलकर इस ग्रैंड एनिमेटेड फ्रैंचाइजी की आधिकारिक लाइनअप जारी कर दी है, जो अगले एक दशक तक भगवान विष्णु के दस दिव्य अवतारों की गाथा बताएगी। इस यूनिवर्स की शुरूआत होगी महावतार नरसिम्हा (2025) से, इसके बाद आएंगे महावतार परशुराम (2027), महावतार रघुनंदन (2029), महावतार द्वारकाधीश (2031), महावतार गोकुलानंद (2033), महावतार कल्कि पार्ट 1 (2035) और महावतार कल्कि पार्ट 2 (2037)। ये यूनिवर्स भारतीय माइथोलॉजी को नई तकनीक और भव्यता के साथ दर्शकों के सामने पेश करेगा।

### कुंबले ने इस खिलाड़ी को भारतीय टीम में बनाए रखने की वकालत की

# कहा- साझेदारी तोड़ने के लिए वह अहम

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिग्गज लेग स्पिनर कुंबले ने कहा, 'नीतीश एक स्पेल में लगभग 14 ओवर फेंके जिससे उनकी फिटनेस और गेंदबाजी पर नियंत्रण का पता चलता है। वह युवा हैं।'भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले ने नीतीश रेड्डी को टीम इंडिया में बनाए रखने की वकालत की है। कुंबले ने ऑलराउंडर रेड्डी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है।

इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के पहले दिन दो विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे।कुंबले ने जियोस्टार से कहा, 'मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने लगातार सही जगह गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला, लेकिन इसके अलावा उन्होंने पूरे दिन अनुशासित गेंदबाजी की। नीतीश ने



ऑस्ट्रेलिया में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था और शतक लगाया था। इसके अलावा उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी भले ही उन्हें ज्यादा विकेट नहीं मिले थे। टीम के मुख्य तेज गेंदबाजों को राहत देने और साझेदारी तोड़ने के लिए उनके जैसे गेंदबाज की जरूरत होती है।'इस दिग्गज लेग स्पिनर ने कहा, 'उन्होंने एक स्पेल में लगभग 14 ओवर फेंके जिससे उनकी फिटनेस और गेंदबाजी पर नियंत्रण का पता चलता है। वह युवा हैं। अच्छे बल्लेबाज हैं और शतक लगा चुके हैं। वह अच्छे फील्डर भी हैं। भारत को उन्हें टीम में बनाए रखना चाहिए और बदलाव करने के प्रलोभन से बचना चाहिए।'इससे पहले नीतीश ने लॉर्ड्स में अच्छी गेंदबाजी का श्रेय पैट कमिंस और भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल को दिया था। सीरीज से पहले नीतीश ने सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस से इंग्लैंड की परिस्थितियों को लेकर सलाह मांगी थी। कमिंस ने इसके बाद रेड्डी को बताया था कि कैसे इंग्लैंड में मौसम बड़ी भूमिका निभाता है। नीतीश ने पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, 'मैंने कमिंस से पूछा कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच क्या अंतर है क्योंकि यह मेरा पहला दौरा है। इस पर उन्होंने कहा कि कुछ ज्यादा बदलाव नहीं हैं, लेकिन आप मौसम पर नजर बनाए रखना और सिर्फ अपना नैसर्गिक खेल खेलना।

आपको पता चल जाएगा। मुझे पता था कि मैं भारत-ए के साथ इंग्लैंड में दो मैच खेलने जा रहा हूं, इसलिए उन्होंने कहा कि जितना हो सके उतना सीखने की कोशिश करो।'नीतीश ने कहा कि उन्होंने भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल से भी विस्तृत बातचीत की। उन्होंने कहा, 'मोर्ने से भी मेरी बात हुई है। उन्होंने कहा कि वह मेरी गेंदबाजी में अच्छी प्रगति देख रहे हैं और मैं वास्तव में उसके साथ काम करने का आनंद ले रहा हूं।' नीतीश ने यह भी कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद खुद से वादा किया था कि वह अपनी गेंदबाजी में सुधार करेंगे।

## भारतीय रिकर्व टीम का तीरंदाजी विश्व कप में खराब प्रदर्शन, चौथे चरण से हुई बाहर

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत ने चौथी वरीयता प्राप्त होने के कारण सीधे प्री क्वार्टर फाइनल



(दूसरे दौर) से अपने अभियान की शुरूआत की थी।भारतीय रिकर्व टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में खराब प्रदर्शन किया। भारत के लिए रिकर्व पुरुष और महिला टीमों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया और अपने-अपने शुरूआती दौर के मुकाबले हार गई। भारत ने चौथी वरीयता प्राप्त होने के कारण सीधे प्री क्वार्टर फाइनल (दूसरे दौर) से अपने अभियान की शुरूआत की थी।राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन राहुल बनर्जी का महिला रिकर्व टीम के कोच के रूप में कार्यकाल निराशाजनक रहा क्योंकि अंकिता भकत, दीपिका कुमारी और पदार्पण कर रही

## जापान में रेडिमेड कपड़ों का निर्यात बढ़ाने की भारत के पास क्षमता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अएढअ ने कहा कि जापानी बाजारों से चीनी रेडीमेड परिधानों की हिस्सेदारी



घटती जा रही है। यह भारत के लिए बड़ा अवसर है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में भारत जापान के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। 2024 में जापान में भारत का परिधान निर्यात 234.5 मिलियन डॉलर का था।रेडीमेड परिधानों के सबसे बड़े निर्यातक चीन की जापान में घटती हिस्सेदारी के बीच भारत इस खाली स्थान को भर सकता है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (अएढअ) ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की।

**टोक्यो में आयोजित होगा इंडिया टेक्स ट्रेंड**

एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने बताया कि परिषद एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ टोक्यो जा रही है, ताकि शीर्ष जापानी ब्रांडों और खुदरा श्रृंखलाओं के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ने के अवसरों पर चर्चा करेगी। यह प्रतिनिधिमंडल 15 से 17 जुलाई तक टोक्यो में आयोजित होने वाले इंडिया टेक्स ट्रेंड मेले में भाग लेगा। फेयर में भारत के 150 से अधिक परिधान निर्यातक भाग लेंगे और घरेलू परिधानों की विविध रेंज पेश करेंगे।

**मुक्त व्यापार समझौते का अधिक उपोयग**

सेखरी ने कहा कि जापानी बाजार के साथ गहरी भागीदारी के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते का अधिक उपोयग हुआ है। उन्होंने कहा कि चीन की घटती हिस्सेदारी से बने अवसर का भारत पूरी तरह फायदा उठा सकता है।

**2024 में हुआ था 234.5 मिलियन डॉलर का निर्यात**

2024 में जापान में भारत का परिधान निर्यात 234.5 मिलियन डॉलर का था। पिछले साल टोक्यो ने लगभग 23 अरब डॉलर मूल्य के इन सामानों का आयात किया था। इसमें भारत की हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है।

**भारतीय आपूर्तिकर्ता की स्थिति अच्छी बनी हुई है**

सेखरी ने कहा कि जापानी कंपनियां लागत, गुणवत्ता और समय पर आपूर्ति पर विशेष ध्यान देती हैं। भारतीय आपूर्तिकर्ता इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। इनमें 200 पीस के छोटे, अनुकूलित उच्च-मूल्य के ऑर्डर से लेकर एक ही स्टाइल के 3 लाख पीस तक के बड़े ऑर्डर शामिल हैं।

### भारतीय गेंदबाजों से डरे इंग्लिश बल्लेबाज

# उप-कप्तान पोप बोले- उनके सामने रन बनाना आसान नहीं




**एजेंसी**

नई दिल्ली। इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है, लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 250 का आंकड़ा ही छू पाई।भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में चार विकेट गंवाकर 251 रन बना लिए हैं। जो रूट 99 रन और बेन स्टोक्स 39 रन बनाकर नाबाद हैं। जैक क्राउली, ओली पोप, बेन डकेट और हैरी ब्रूक वापस पवेलियन लौट चुके हैं। पोप ने भारत के खिलाफ अपनी टीम की रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं।इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है, लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 250 का आंकड़ा ही छू पाई। पोप ने दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप खुलकर खेल सकें। भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बनाए रखी और रन बनाना मुश्किल कर दिया।'उनका इशारा भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी की ओर था, जिसे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर एक विकेट) की वापसी से मजबूती मिली है। नीतीश कुमार रेड्डी ने 46 रन देकर दो विकेट लिए हैं और वह पहले दिन भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। तेज गेंदबाज आकाश दीप और मोहम्मद सिराज को पहले दिन विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3 अरब डॉलर घटकर 699.736 अरब डॉलर पर, भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी किए आंकड़े

**एजेंसी**

नई दिल्ली। आरबीआई की ओर से विदेशी मुद्रा भंडार के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 4 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.537 अरब डॉलर घटकर 591.287 अरब डॉलर रह गईं। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।भारत का विदेशी मुद्रा भंडार चार जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.049 अरब डॉलर घटकर 699.736 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, कुल मुद्रा भंडार 4.849 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 702.784 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था।

## सिनियाकोवा-वरबीक ने विंबलडन मिश्रित युगल खिताब जीता

**एजेंसी**

नई दिल्ली। महिला युगल की दिग्गज खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा ने सेम वरबीक के साथ मिलकर लुइसा स्टेफनी और जो सैलिसबरी को 7-6(3), 7-6(3) से हराकर विंबलडन टेनिस टूनामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की 10 बार की ग्रैंड स्लैम महिला युगल चैंपियन सिनियाकोवा ने गुरुवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल में पहले मैच प्वाइंट पर ही करारा शॉट जमाकर खाीताब अपनी झोली में डाला।वरबीक का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने अपने पिता के लिए जन्मदिन का गीत गाकर दर्शकों के साथ जश्न मनाया। सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन भी हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में टॉमस मचाक के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2021 के तोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था। सिनियाकोवा ने जो 10 महिला युगल खिताब जीते हैं उनमें से सात क्रेजिकोवा के साथ, दो टेलर टाउनसेंड के साथ और एक पिछले साल के फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ हासिल किए।इससे पहले 13वीं वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा ने विम्बलडन में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश किया। एनिसिमोवा ने बर्नआउट के कारण एक साल पहले टेनिस से ब्रेक लिया था। न्यू जर्सी में जन्मी और फ्लोरिडा में पली-बढ़ी अनिसिमोवा 17 साल की उम्र में 2019 फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हार गई थीं।

# भाजपा सदर पश्चिमी मंडल की बैठक सम्पन्न नवचयनित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के सदर पश्चिमी मंडल की बैठक रविवार को जिला कार्यालय छावनी लाइन पर मंडल अध्यक्ष काशी चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में नव चयनित मंडल पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों का परिचय, सम्मान एवं कार्यदायित्व बोध कराया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी संगठन है, जो त्याग, तपस्या और बलिदान की भावना से राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया गया है और उसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। राय ने कार्यकताओं से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, लाभार्थियों से संपर्क और "सेवा ही संगठन" के मूल मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री संजय बिंद ने किया। इस अवसर पर महामंत्री प्रवीण सिंह, जिला मंत्री सुरेश बिंद, अच्छेलाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा, मनोज बिंद, गोपाल राय, कल्पना कुशवाहा, मुरली कुशवाहा, उदय प्रताप सिंह, रोली शर्मा, चांदनी देवी, राम जी बलवंत, अरविंद सिंह, जितेंद्र पांडेय, परवेज खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई।



**पूर्वांचल प्रांत कार्यकर्ता सम्मेलन में गरजे संजय सिंह**


# कहा-"शिक्षा और शराब माफिया की सरकार है भाजपा"

गोरखपुर। आम आदमी पार्टी द्वारा रविवार को गोरखपुर के नसीराबाद स्थित हैप्पी मैरेज हाउस में "पूर्वांचल प्रांत कार्यकर्ता सम्मेलन" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह ने शिरकत की और कार्यकताओं को संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला। इस दौरान पूर्वांचल के विभिन्न जिलों—गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, देवीपाटन—के अलावा दिल्ली और पंजाब से भी पार्टी कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए। अपने भाषण में संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "यह सरकार शिक्षा और शराब माफिया की सरंक्षक बन चुकी है। प्रदेश में 26 से 27 हजार प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिए गए हैं, जो शिक्षा विरोधी मानसिकता को दशार्ता है।" उन्होंने बिजली व्यवस्था की बदहाली, मतदाता सूची में गड़बड़ियों और दिल्ली में आप सरकार की उपलब्धियों की तुलना उत्तर प्रदेश सरकार से करते हुए कहा कि भाजपा केवल प्रचार में व्यस्त है, जमीनी विकास कहीं नजर नहीं आता। संजय सिंह ने आगामी चुनावों में INDIA गठबंधन की रणनीति पर भी बात की और कार्यकताओं से कहा कि "अब वक्त है जनता की आवाज बनने का, अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का।" कार्यक्रम में जोश और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला, और यह सम्मेलन आम आदमी पार्टी की पूर्वांचल में राजनीतिक सक्रियता को नई दिशा देता नजर आया।



# सेंट जोसेफ स्कूल की छात्रा की जीभ में फंसा बोतल का ढक्कन, ENT विशेषज्ञ डॉ. पी.एन. जयसवाल ने बचाई जान

गोरखपुर। सेंट जोसेफ स्कूल, गोरखपुर में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कक्षा 3 में पढ़ने वाली 8 वर्षीय छात्रा अदित्री के मुंह में पानी पीते समय बोतल का ढक्कन फंस गया। ढक्कन बच्ची की जीभ में गहराई तक अटक गया, जिससे वह दर्द और घबराहट में बेहाल हो गई। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा अदित्री को त्वरित रूप से दो अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उन अस्पतालों ने इलाज से इनकार कर दिया। इस बीच बच्ची के पिता विनीत सिंह मौके पर पहुंचे और उसे राजेन्द्र नगर स्थित प्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. पी.एन. जयसवाल के पास ले गए। डॉ. जयसवाल ने अदित्री को तुरंत ऑपरेशन थिएटर (O.T.) में ले जाकर बड़ी सावधानी और मेहनत के साथ ढक्कन को काटकर निकाला। उपचार के बाद बच्ची को तत्काल राहत मिली। डॉक्टर की सूझबूझ और तत्परता की परिजनों ने सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया। वहीं, सोशल मीडिया पर भी लोगों ने डॉक्टर की प्रशंसा करते हुए स्कूल प्रबंधन से छात्रों की सुरक्षा के प्रति अधिक सतर्कता बरतने की मांग की है। यह घटना स्कूली बच्चों की दैनिक गतिविधियों में सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल खड़े करती है, और स्कूलों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता बताती है।



# कैथवलिया में गर्वित क्लिनिक का भव्य उद्घाटन, 24 घंटे सेवा का दावा

गाजीपुर। गाजीपुर जिले के कैथवलिया में रविवार को गर्वित क्लिनिक का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व जिला पंचायत सदस्य बच्ची देवी ने फीता काटकर क्लिनिक का विधिवत उद्घाटन किया। क्लिनिक की संस्थापक डॉ. कृतिका जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्वित क्लिनिक में मरीजों को निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और उन्हें उत्तम उपचार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को बेहतर व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। डॉ. कृतिका ने बताया, "हमारा प्रयास रहेगा कि क्लिनिक 24 घंटे खुला रहे ताकि किसी मरीज को इलाज के लिए दर-दर भटकना न पड़े। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को समय पर और गुणवत्ता युक्त इलाज मिल सके।" उद्घाटन समारोह में गाजीपुर जनपद के कई प्रमुख चिकित्सकों ने उपस्थिति दर्ज कराकर क्लिनिक के प्रति अपना सहयोग और समर्थन जताया। समारोह में डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. डी.के. वर्मा, डॉ. ऋषि पांडे, कमलेश्वर राय, वाई.पी. सिंह, डॉ. पी.सी. गुप्ता, डॉ. अमित कुमार सहित अनेक चिकित्सा कर्मी व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही, जिससे यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर जनता में आशा की नई किरण जगी है।



# मानव तस्करी गिरोह का सरगना मुठभेड़ में गिरफ्तार महिला दरोगा की रिवाल्वर छीनने पर लगी गोली

गोरखपुर। गोरखपुर जिले की पिपराइच पुलिस को आज तड़के एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब मानव तस्करी में लिप्त अंतरजनपदीय गिरोह के सरगना मोहर्रम उर्फ राहुल को एक पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मोहर्रम महराजगंज जनपद का निवासी है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर ले जाते समय उसने अचानक महिला दरोगा की रिवाल्वर छीनने की कोशिश की। आत्मरक्षा में पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह गरीब परिवारों की महिलाओं और कम उम्र की लड़कियों को बहला-फुसलाकर राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों में बेचने का काम करता था। इस मामले में पिपराइच पुलिस दो दिन पहले चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, और यह मुठभेड़ उसी कार्रवाई की अगली कड़ी थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह वर्षों से सक्रिय था और अब तक कई महिलाओं व किशोरियों की ज़िंदगी बर्बाद कर चुका है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश और गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं। इस सराहनीय कार्रवाई पर स्थानीय जनता और प्रशासन ने पुलिस टीम को बधाई दी है।



# वीर शिरोमणि रूपन बारी स्मृति द्वार का निर्माण, समाज के लिए गौरव का दिन

बस्ती। आज का दिन बारी समाज के लिए अत्यंत गौरवशाली और ऐतिहासिक बन गया, जब वीर शिरोमणि रूपन बारी जी के नाम पर निर्मित स्मृति द्वार का कार्य पूर्ण हुआ। यह स्मृति द्वार बस्ती से सिद्धार्थनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) पर स्थापित किया गया है।



इस प्रेरणादायी पहल के पीछे हैं उत्तर प्रदेश राज्य बारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री राधेश्याम बारी जी, जिन्होंने समाज के विकास और संगठन के लिए निरंतर कार्य किया है। यह पहल अखिल भारतीय बारी संघ की नेतृत्वकारी सोच और समाज के प्रति समर्पण का परिचायक है।

**समाजहित में किए गए प्रमुख कार्य:**

1. बारी समाज का भव्य कार्यक्रम:

श्री राधेश्याम बारी जी के नेतृत्व में बस्ती जनपद में पहली बार एक भव्य मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले के साथ-साथ आसपास के जिलों से समाजबंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए और सभी को उचित सम्मान दिया गया।

2. वीर पुरुषों की जयंती समारोह:

समाज के वीर पुरुषों की स्मृति में प्रतिवर्ष जयंती समारोह मनाया जाने लगा है, जिससे नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी मिल रही है।

3. सड़क नामकरण:

श्रीमान राधेश्याम बारी जी ने नगर क्षेत्र की नीलम सिंह जी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और ग्राम बारी जोत को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क का नाम वीर शिरोमणि रूपन बारी मार्ग कराने में सफलता पाई।

**4. स्मृति द्वार का निमार्ण:**

अब उन्होंने बस्ती-सिद्धार्थनगर हाईवे पर वीर शिरोमणि रूपन बारी स्मृति द्वार का निर्माण कर समाज के गौरव को स्थापत्य रूप दिया है।

इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ बस्ती के जिलाध्यक्ष प्रशांत सिंह बारी ने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं को इस उपलब्धि की बधाई दी और माननीय विधायक श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी (सपा, बस्ती) को समाज की भावनाओं का सम्मान करने और स्मृति द्वार का उपहार देने के लिए हृदय से धन्यवाद प्रकट किया।

**नेतृत्व का सशक्त उदाहरण:**

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार बारी और राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामलखन बारी के नेतृत्व में अखिल भारतीय बारी संघ समाज को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में निरंतर प्रयासरत है।

प्रशांत सिंह बारी ने कहा, "हम करने में विश्वास रखते हैं, और हमारे कार्य अपने आप समाज के सामने मिसाल बनकर प्रकट होते हैं। यह तो शुरूआत है, समाज के हित में अभी और भी योजनाएँ क्रियान्वयन की राह पर हैं।"

# यातायात पुलिस की बृहद चेकिंग अभियान, 1031 वाहनों पर कार्यवाही, 41,500 जुर्माना वसूला

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक यातायात श्री संजय कुमार के नेतृत्व में गोरखपुर में आज यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु एक बृहद चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में टीआई श्री मनोज कुमार राय, टीआई श्री अजीत कुमार पाण्डेय व अन्य ट्रैफिक उपनिरीक्षकगण की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्यवाही की।



**दोपहिया वाहनों पर सख्त कार्यवाही:**

मोहद्दीपुर चौराहा पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 105 चालकों का चालान किया गया। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछली सवारी (पिलियन राइडर) को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

**ई-रिक्शा व ऑटो चालकों पर शिकंजा:**

शहर क्षेत्र में बिना जोन स्टीकर, बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना परमिट संचालित हो रहे ई-रिक्शा और ऑटो पर भी बड़ी कार्यवाही की गई।

221 वाहनों की जांच की गई

06 ऑटो सीज किए गए (बिना परमिट)

07 ई-रिक्शा/ऑटो बिना रजिस्ट्रेशन

11 वाहन चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस

127 चालकों का चालान एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में किया गया

**कुल प्रवर्तन कार्यवाही:**

कुल 1031 वाहनों का चालान

41,500 शमन शुल्क वसूला गया

पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा में सहयोग दें।

# खोराबार क्षेत्र में आपसी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष, एक की मौत, एक गंभीर घायल

गोरखपुर। थाना खोराबार अंतर्गत रामबरन चौराहे के पास सोमवार को आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से जमकर मारपीट हुई। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नौमिनाथ उर्फ चैतू, पुत्र स्व. रामदरश गुप्ता, निवासी रामबरन टोला, थाना खोराबार के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल उसका पुत्र अरुण कुमार गुप्ता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, इस झगड़े में नौमिनाथ की पुत्री संगीता भी शामिल थी। तीनों ने कथित रूप से एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से हमला किया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और घटनास्थल की छानबीन के बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




**बरामदगी में शामिल वस्तुएँ:**

1 लोहे की पाइप

1 लोहे का रॉड

1 लकड़ी का डंडा

पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

यह घटना स्थानीय क्षेत्र में सनसनी का कारण बनी हुई है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कह रही है।

# "एक वृक्ष मां के नाम" कार्यक्रम में अमर शहीद भगवती प्रसाद बारी जी को दी गई श्रद्धांजलि, वृक्षारोपण कर दी पर्यावरण को सलामी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में शहीद स्थल, प्रयागराज में "एक वृक्ष मां के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बारी समाज सेवा समिति प्रयागराज उत्तर प्रदेश रजिस्टर्ड के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज कुमार रावत 'आस्था' के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने अमर शहीद भगवती प्रसाद बारी जी की प्रतिमा स्थल पर वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज के वीर सपूतों की स्मृति को जीवंत रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर शहीद वाल के संस्थापक श्री वीरेंद्र पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ननका हेला समाज एवं बारी समाज के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला और माननीय उपमुख्यमंत्री से इन शहीदों को सम्मान देने की अपील की।



# A Historic Day for Bari Community as 'Veer Shiromani Roopan Bari Memorial Gate' is Inaugurated

Basti | Today marked a proud and historic moment



for the Bari community with the inauguration of the 'Veer Shiromani Roopan Bari Memorial Gate' on the Basti–Siddharthnagar National Highway (NH). The initiative reflects the continuous dedication of the Akhil Bharatiya Bari Sangh to uplift and organize the community nationwide.

This proud milestone was achieved under the leadership of Mr. Radheshyam Bari, District President of the Uttar Pradesh State Bari Association, who has been relentlessly working for the welfare and unity of the Bari Samaj.

**Key Milestones Under His Leadership:**

1. Grand Community Gathering in Basti:"Mr. Radheshyam Bari organized a grand event in Basti that witnessed participation from neighboring districts. Every guest was respectfully welcomed, symbolizing unity and pride within the community.

2. Celebration of Community Heroes:"Annual celebrations for legendary Bari community heroes are now observed, educating the younger generation about their history and valor.

3. Renaming of a Village Road:"With the support of local leader Ms. Neelam Singh, Mr. Bari successfully submitted a memorandum requesting the naming of a road connecting Bari Jot village (Thana Nagar) after Veer Shiromani Roopan Bari, which was approved.

4. Construction of Memorial Gate:"Continuing his community-focused initiatives, Mr. Bari oversaw the construction of the Veer Shiromani Roopan Bari Memorial Gate on the Basti–Siddharthnagar NH route.

Community Leadership and Support:

Prashant Singh Bari, Youth District President of Basti (Uttar Pradesh State Bari Association, affiliated with Akhil Bharatiya Bari Sangh), expressed immense pride in sharing this achievement with the community. He extended heartfelt thanks to Hon'ble MLA Rajendra Prasad Chaudhary (Samajwadi Party, Basti) for honoring the community's sentiments and gifting the memorial gate.

He stated, "This is just the beginning. Much more is planned for the welfare of our community under the guidance of our National President Mr. Dinesh Kumar Bari and National General Secretary Mr. Ramlakhan Bari. We believe in actions — and once done, they speak for themselves.

A Message of Unity and Progress:

Today is not just a celebration of a structure, but a celebration of community spirit, history, and progress. The Bari community continues its march towards greater recognition, organization, and empowerment — with leadership rooted in values and vision.

# Purvanchal's Biggest Show — "Adalat Rajneeti Ka"

Gorakhpur | For the first time in Purvanchal, a unique political debate show "Adalat Rajneeti Ka" is being organized, bringing together the voices of major political parties to discuss key public interest issues and local concerns of Gorakhpur.

The live TV debate will be held on Sunday, 27th July 2025, from 4:00 PM to 6:00 PM at Ceremony Lawn, Tehsil Road, Sahjanwa, Gorakhpur (U.P.). The show promises sharp debates, honest conversations, and a positive outlook on the political and civic landscape.

Morning Session (9:00 AM to 4:00 PM):

Before the debate, a felicitation ceremony and



symposium will be held to honor distinguished individuals from various fields. These include:

Journalists
Social workers
Freedom fighters
Educators
Politicians
Healthcare professionals
Entrepreneurs
Retired officials

And other people with notable contributions to society

Special Support:

Esteemed former Mayor of Gorakhpur and dynamic BJP leader Dr. Satya Pandey Ji has extended her blessings and best wishes for the success of the event. Despite her busy schedule, she has graciously confirmed her presence at the program, reaffirming her commitment to civic discourse and public engagement.

"Adalat Rajneeti Ka" aims to be more than just a political show — it will be a platform for open dialogue, public participation, and democratic awareness.

# Speed Radar Gun Used on Link Expressway: 15 Vehicles Penalized

Gorakhpur | In a dedicated effort to curb traffic violations, enforcement teams used speed radar guns on the Link Expressway, leading to the issuance of 15 challans against over-speeding vehicles.



In the urban areas, a total of 941 vehicles were penalized for various traffic violations. As part of the ongoing traffic regulation campaign, authorities collected 38,500 in spot fines (shaman shulk).

Officials confirmed that such enforcement drives will continue regularly to ensure stricter adherence to traffic rules and to promote road safety.

# Bottle Cap Gets Stuck in Student's Tongue at St. Joseph School, ENT Specialist Dr. P.N. Jaiswal Saves Her Life

Gorakhpur | Panic gripped St. Joseph School, Gorakhpur on Sunday when an 8-year-old Class 3 student, Aditri, got a bottle cap lodged deep in her tongue while drinking water. The incident left the child in intense pain and distress, creating a tense atmosphere on the school premises.

Following the incident, the school administration quickly rushed Aditri to two separate hospitals. However, both facilities reportedly declined treatment due to the severity and sensitivity of the case.

Amid the chaos, Aditri's father, Vineet Singh, arrived and immediately took her to renowned



ENT specialist Dr. P.N. Jaiswal, whose clinic is located in Rajendra Nagar. Recognizing the emergency, Dr. Jaiswal swiftly moved the child into the operation theatre (O.T.) and meticulously removed the cap by cutting it out—an effort that ultimately brought the girl much-needed relief.

The family expressed deep gratitude towards Dr. Jaiswal for his quick decision-making and skilled intervention. The doctor's efforts have also drawn widespread appreciation on social media, with many users calling for stricter safety measures within schools.

This alarming incident has raised serious concerns about safety protocols for schoolchildren, highlighting the urgent need for educational institutions to take preventive steps to avoid such mishaps in the future.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।

प्रधान संपादक :
शक्ति शंकर
मो नं.
7233999001

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।